Udaan Special School

Run By

Dhattarwal Education Society

Annual Report

(2022-23)

Jhunjhunu Rajasthan

सचिव/मंत्री
धत्तरवाल एज्यूकेशन सोसायटी
मण्डेला जिला झुंन्झुनूं राज० 333023

वार्षिक प्रतिवेदन 2022—23

1. **संस्था के उद्देश्य एवं मिशनः—** विशेष योग्यजन निशक्त बच्चों का रजिस्ट्रेशन सोसायटी एक्ट 28(1958) के अन्तर्गत स्वैच्छिक संगठन जो रजिस्ट्रेशन संस्थाए झुन्झुनू से पंजीकृत है, इस संस्था का पंजिकृत दिनांक 29/10/2007 है। संस्था का कार्य क्षेत्र सम्पूर्ण राजस्थान राज्य है। संस्था सत्र 2015 से दिव्याग्रजनों के कल्याणार्थ हेतु शिक्षण प्रशिक्षण एवं पूनर्वास का कार्य कर रही है। तथा संस्था अपने क्षेत्र में दिव्यांगजनों के कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने में कार्यरत है।
2. **संस्था के प्रमुख प्रबन्धन का विवरण और कार्य क्षेत्रः—** संस्था सत्र 2015 से झुन्झुनू के लाम्बा बगड़ जिला झुन्झुनू में दिव्यांगजन बालक/बालिकाओं के लिए शिक्षण प्रशिक्षण एवं पुनर्वास विशेष मानसिक विमंदित (बौधिक दिव्यांगजन) विद्यालय का संचलन कर रही है तथा पिछले 08 वर्षों से उड़ान विशेष योग्यजन निशक्त मूक बधिर विद्यालय के नाम से संचालन किया जा रहा है। शुरूवाती दौर में मात्र 5 व 8 दिव्यांगजन बच्चों से प्रारम्भ हुए थे तथा आज संस्था में लगभग 47 बौधिक दिव्यांगजन बालक/बालिकाएं एवं 25 मूक बधिर दिव्यांग बच्चे शिक्षण ग्रहण कर रहे है। ये विद्यालय संस्था द्वारा अपने स्तर पर बहुत ही कम संसाधनों से प्रारम्भ किया गया है तथा स्थानीय भामाषाओं के सहयोग लेकर संस्था ने अपने काम चलाया था।
3. **कार्यक्रम और परियोजनाओं का विवरणः—** संस्था जिले में राज्य सरकार से आयोजित होने वाले विभिन्न प्रकार के मेडिकल कैम्पों के माध्यम से बच्चों का मेडिकल प्रमाण पत्र रोडवेज पास रेल्वे पास आदि बनवाने में मदद की

सचिव/मंत्री
धत्तरवाल एज्यूकेशन सोसायटी
पचेरी जिला झुन्झुनूं राज० 33302

जाती है। कैम्पों के माध्यम से बच्चों टाई साईकिले चैयर वैशाखी हियरिंग एंड आदि दिलवाने में मदद करती है।

4. **संस्था की परियोजना एवं संस्था के कार्यः–** संस्था में इन दिव्यांगजन बालक/बालिकाओं के लिए विभिन्न प्रकार के खेलकूद प्रतियोंगिताओं का आयोजन किया जाता है। जिसमें यह विद्यार्थी बहुत रूचिपूर्ण भाग लेते तथा उनके मनोबल बढ़ाने के लिए कुछ पारितोषित इनाम भी दिया जाता है।

5. **संस्था की भविष्य की योजनाः–** एलएलसी मेम्बरः–संस्था पिछले कई वर्षों से भारत सरकार के नेशनल ट्रस्ट से रजिस्ट्रर्ड है संस्था को राजस्थान के दो जिलों नागौर व हनुमानगढ़ एलएलसी मेम्बर बनाया गया है। इस कमेटी में जिला कलक्टर अध्यक्ष होता है। और एक दिव्यांगजन और एक रजिस्ट्रर्ड संस्था मेम्बर होती है। प्रत्येक तीन माह बाद जिले में लेवल कमेटी की बैठक आयोजित होती है इस बैठक में मुख्य रूप से नेशनल ट्रस्ट द्वारा संचालित होने वाली योजनाओं के बादे में विस्तार से चर्चा की जाती है और मुख्य लिंगल गार्जनशिप का कार्य किया जाता है।

6. **संस्था का विकास और प्रगतिः–**संस्था पिछले कई वर्षों से परिवार की मेम्बर है तथा पूरे भारत में विभिन्न स्थानों पर आयोजित होने वाली कार्यशाला में प्रतिनिधि द्वारा भाग लिया जाता है तथा वर्ष 2022–23 में साफी व सीबीएम द्वारा मेन्टर ट्रेनिंग का कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

7. **संस्था में समारोह का आयोजनः–** 15 अगस्त (स्वतन्त्रता दिवस) का आयोजनः–संस्था द्वारा राष्ट्रीय त्यौहार 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया इस अवसर पर विद्यालय के एम.आर.बच्चों द्वारा सांस्कृति प्रस्तुती दी गई। बच्चों को मिष्ठान वितरित किये गये तथा कुछ

सचिव/मंत्री
धत्तरवाल एज्यूकेशन सोसायटी
मण्डेला जिला झुंन्झुनूं राज० 3330

बच्चों को इनाम भी दिये गये। विद्यालय के बच्चों को शहर के कुछ भामाषाहों द्वारा गिफ्ट भी दिये गये। फल भी वितरित किये गये।

8. **विश्व विकलांग दिवस का आयोजनः–** लूई ब्रेल दिवस का आयोजनः–संस्था द्वारा वर्ष लूई ब्रेल दिवस का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर लूई की जीवनी पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर शहर की कुछ एनजीओ. एवं शैक्षणिक संस्थाओं को भी आमंत्रित किया गया।

9. **संस्था में समाजिक सहयोग, नेतृत्व का आयोजनः–** संस्था द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष विकलांग दिवस को बहुत ही उत्साह पूर्ण मनाया गया। संस्था के बच्चों द्वारा नगर में विशाल रैली का आयोजन किया गया जो शहर के मुख्य मार्गों से गुजर कर लोगों में संदेश दिया गया। रैली के आयोजन के पश्चात संस्था परिसर में कुछ भामाषाहों द्वारा बच्चों को फल व मिठाई बांटी गई तथा उसके पश्चात लोगों ने संस्था परिसर का विजिट किया तथा बच्चों के विद्यालय को बहुत ही उपयोगी बताया गया।

10. **निष्कर्षः–** विद्यालय में मानसिक मन्द, सेरेब्रल पाल्सी एंव स्लो लर्नर बच्चो को विशेष शिक्षा प्रदान करने हेतुं भारतीय पुनर्वास परिषद से पंजीकृत विशेष शिक्षको द्वारा बच्चो को शिक्षण प्रशिक्षण दिया जाता है। इकाई में शैक्षणिक तथा सशैक्षणिक गतिविधियॉ कराई जाती है। विशेष शिक्षक राष्ट्रीय मानसिक विकलांग संस्थान द्वारा तैयार की गई जॉच सूची *Functional Assessment checklist for programming* का प्रयोग करके एंव विशेष रूप से तैयार की गई शिक्षण सामग्री का प्रयोग करके बच्चो की वर्तमान कियात्मक कार्यक्षमता की जॉच करते है एंव इसके आधार पर प्रत्येक बच्चे की आव यक्ता को ध्यान में रखते हुए वैयक्ति शैक्षणिक कार्यकम तैयार करते है।

सचिव/मंत्री
धातरवाल एज्यूकेशन सोसायटी
मण्डेला जिला झुन्झुनूं राज० 3330..3